Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला - ३

पाठ - १ 'कोयल रानी' के प्रश्नोत्तर

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा तीसरी की पाठ्यपुस्तक में दिए पाठ-१ 'कोयल रानी' के प्रश्नों के उत्तर करेंगे। सभी छात्र इन प्रश्नों के उत्तर अपनी-अपनी कॉपी में लिखेंगे।

लिखित

प्रश्न 1. कोयल की बोली कैसी होती है ?

उत्तर - कोयल का रंग काला होता है परन्तु उसकी बोली मीठी होती है।

प्रश्न 2. कोयल ने कूक-कूक कर क्या किया है ?

उत्तर - कोयल ने आम के पेड़ की डाली पर कूक-कूक कर आमों में मिसरी घोल दी है, जिससे आमों में मिठास भर गई है।

प्रश्न 3. मीठी बोली कोयल को किसने सिखाई है ?

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

उत्तर - कोयल की बोली मीठी होती है। कोयल ने यह मिठास अपनी माँ से पाई है।

प्रश्न 4. कोयल ने अपनी माँ से क्या - क्या सीखा है ?

उत्तर - कोयल ने अपनी माँ से एक डाल से दूसरी डाल पर उड़ना, गाना और सबसे मीठा बोलना सीखा है।

प्रश्न 5. कोयल को चिड़ियों की रानी क्यों कहते हैं ?

उत्तर - कोयल को 'चिड़ियों की रानी' इसलिए कहते हैं क्योंकि वह सबके साथ मीठा बोलती है तथा हमेशा अपनी माँ की बात मानती है।

गृहकार्य

सभी छात्र ऊपर दिए प्रश्न-उत्तर को अपनी- अपनी साहित्य की कॉपी में लिखेंगे तथा याद भी करेंगे। सभी बच्चे इस कार्य को करते समय अपनी लिखाई एवं मात्राओं पर विशेष ध्यान देंगे।

धन्यवाद।